# धार में पहला पीएम मित्र पार्क

## चर्चा में क्यों?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर, 2025 को पीएम मित्र योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश के **धार ज़िले में** एक टेक्सटाइल पार्क का उद्घाटन करेंगे।

## मुख्य बिंदु

### पीएम मित्र योजना के बारे में:

- **परिचय:**
  - **भारतीय कपड़ा उद्योग** को सशक्त बनाने के लिये **कपड़ा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021** में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क (MITRA) योजना शुरू की गई थी।
  - केंद्र ने पीएम मित्र योजना के अंतर्गत टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने के लिये**तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश** में स्थलों का चयन किया है।
  - इन नए टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना वर्ष 2026-27 तक की जाएगी।
  - प्रत्येक MITRA पार्क में **इनक्यूबेशन सेंटर सामान्य प्रसंस्करण गृह और सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र** के साथ-साथ अन्य वस्त्र-संबंधी सुविधाएँ एवं परीक्षण केंद्र होंगे।
- **कार्यान्वयन:**
  - **विशेष प्रयोजन इकाई (SPV):** पीएम मित्र पार्क का विकास एक विशेष प्रयोजन इकाई द्वारा किया जाएगा, जिसका स्वामित्व केंद्र और राज्य सरकारों के पास होगा तथा यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मोड में संचालित होगा।
  - **विकास पूंजी सहायता:** वस्त्र मंत्रालय प्रत्येक पार्क के SPV को प्रति पार्क 500 करोड़ रुपये तक की विकास पूंजी सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।
  - **प्रतिस्पर्द्धात्मक प्रोत्साहन सहायता (CIS):** त्वरित कार्यान्वयन को प्रोत्साहित करने के लिये पीएम मित्र पार्क में इकाइयों को प्रति पार्क 300 करोड़ रुपये तक की CIS भी प्रदान की जाएगी।
  - **अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण:** मास्टर डेवलपर और निवेशक इकाइयों को अतिरिक्त प्रोत्साहन सुनिश्चित करने के लिये भारत सरकार की अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण को सुगम बनाया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-pm-mitra-park-in-dhar